# निवेश मित्र को सीएसआई का एक्सीलेंस अवार्ड

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के सिंगल विंडो पोर्टल 'निवेश मित्र' को शुक्रवार लखनऊ में कम्प्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया (सीएसआई) के प्रतिष्ठित 'अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया। उद्यमियों और उद्योगपतियों को राज्य में अपनी इकाइयों एवं उद्यमों को स्थापित करने और संचालित करने के लिए विकसित किए गए उत्कृष्ट ऑनलाइन इंटरफेस निवेश मित्र को यह पुरस्कार 'प्रोजेक्ट श्रेणी' में प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग की सचिव एवं इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), नीना शर्मा और जिलाधिकारी हरदोई अविनाश कुमार को यह पुरस्कार 18वें सीएसआई स्पेशल इंटरेस्ट ग्रुप ई-गवर्नेंस अवाड्र्स 2020 के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदान किया।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में निवेश मित्र के महत्व को रेखांकित करते हुए, अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास अरविंद कुमार ने बताया कि फरवरी 2018 में निवेश मित्र के प्रारम्भ होने के बाद से अब तक सिंगल विंडो पोर्टल पर 3,27,502 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 95 प्रतिशत की निस्तारण दर के साथ लगभग 83 प्रतिशत, अर्थात 2,77,335 स्वीकृतियां प्रदान कर दी गई हैं।